Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Argal Shri Ashok

an>

Title : Need for construction of a bridge on river Chambal at Usedghat linking Uttar Pradesh and Madhya Pradesh.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : अध्यक्ष महोदय, चम्बल नदी के उसेदघाट पर पुल की आवश्यकता को देखते हुए तत्कालीन प्रधान मंत्री स्व0 श्री राजीव गांधी द्वारा पुल की आधारशिला रखी गयी थी। परन्तु, 15 साल बीत जाने के बाद भी उक्त शिला पुल का इंतजार कर रही है। उक्त पुल का निर्माण प्रधान मंत्री स्तर का व्यक्ति यदि शिलान्यास करे तो जनता में बहुत आशा, भरोसा, विश्वास होता है। परन्तु 15 वां निकलने के बाद तीनों चीजों से विश्वास हट चुका है क्योंकि पुल की स्वीकृति कहीं से नहीं है। उक्त पुल उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश को जोड़ने के लिए बहुत ही लाभकारी था परन्तु ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि स्व0श्री गांधी के शिलान्यास किये पुल को स्पेशल स्वीकृति प्रदान कर पुल का निर्माण करायें।